डायनासोर काल

पैगी पैरिश

चित्र: अर्नोल्ड लोबेल

डायनासोर काल

डायनासोर

- स्टेगोसॉरस
- डिप्लोडोकस
- एंकिलोसॉरस
- अपाटोसॉरस
- कॉम्पसोग्नाथस
- टेराटोसॉरस
- एनाटोसॉरस
- ओर्निथोमिमुस
- ब्रैकियोसॉरस
- पेंटासेराटॉप्स
- टायरानोसॉरस

काफी समय पहले

दुनिया अब से बहुत अलग थी.

उस समय ज़्यादातर जमीन पानी के नीचे थी.

और हर समय बेहद गर्मी रहती थी.

तब डायनासोर

हर जगह पाए जाते थे. . . .

बड़े डायनासोर

और छोटे डायनासोर.

तेज़ डायनासोर

और धीमे डायनासोर.

कुछ डायनासोर मांस खाते थे

कुछ पौधे खाते थे.

स्टेगोसॉरस

उसका उच्चारण है-

स्टेग-उह-सॉ-रस

इस डायनासोर

की पीठ पर प्लेटें थीं.

वो प्लेटें हड्डियों के बनी थीं.

उसकी पूंछ पर नुकीले कांटे थे.

वो पौधे खाता था.

उसका नाम स्टेगोसॉरस था.

डिप्लोडोकस

उसका उच्चारण है-

डिप-लो-डो-कस

वो डायनासोर लंबा था.

लेकिन उसमें ज्यादातर गर्दन और पूंछ थी.

उसके दांत छोटे और चपटे थे.

वो पौधे खाता था.

उसका नाम डिप्लोडोकस था.

एंकिलोसॉरस

उसका उच्चारण है-

ऐन-कि-लोह-सॉ-रस

उस डायनासोर का

कछुए की तरह एक खोल था.

उसकी पूंछ एक गदे की तरह थी.

बहुत से जानवर

उसे चोट नहीं पहुंचा सकते थे.

उसका नाम एंकिलोसॉरस था.

उसका उच्चारण है-

ए-पैट-ओ-सॉ-रस

वो डायनासोर

बेहद विशालकाय था.

लेकिन उसका मुंह काफी छोटा था.

वो पौधे खाता था.

वो अपने विशाल शरीर

के पोषण के लिए

दिन-रात खाता और खाता था.

उसका नाम एपेटोसॉरस था.

कॉम्पसोग्नाथस

उसका उच्चारण है-

कॉम्प-सॉग-नेथ-उस

वो डायनासोर छोटा था.

वो एक बिल्ली जितना बड़ा था.

लेकिन वो तेज दौड़ सकता था.

वो अन्य जानवरों को पकड़ सकता था

और उन्हें खा सकता था.

उसका नाम कॉम्पसोग्नाथस था.

टेराटोसॉरस

उसका उच्चारण है-

टेरा-टो-सॉ-रस

वो डायनासोर अपने पिछले पैरों पर चलता था.

उसके बड़े-बड़े पंजे और नुकीले दांत थे.

वो मांस खाता था.

उसका नाम टेराटोसॉरस था.

एनाटोसॉरस

उसका उच्चारण है-

एना-टो-सॉ-रस

इस डायनासोर को "डकबिल" कहते हैं.

उसकी एक बत्तख जैसी चोंच थी.

पर उसकी चोंच में दांत नहीं थे.

लेकिन उसके मुंह में दांत थे.

मुंह में सैकड़ों दांत थे!

कभी-कभी कोई एक दांत टूट जाता था.

लेकिन उससे उसे कोई फर्क नहीं पड़ता था.

क्योंकि जल्द ही एक नया दांत उग आता था.

उसका नाम एनाटोसॉरस था.

ऑर्निथोमिमस

उसका उच्चारण है-

आर-नी-थो-मि-मस

उस डायनासोर की एक चोंच थी.

लेकिन उसके दांत नहीं थे.

वो छोटे जानवरों और कीड़ों को खाता था.

शायद वो फल भी खाता हो

और अन्य डायनासोर के अंडे भी.

लेकिन उसके दांत नहीं थे.

फिर वो कैसे खाता होगा?

चिड़िये भी खाती हैं.

लेकिन उनका कोई
दांत नहीं होता है.

शायद वो भी एक पक्षी
की तरह खाता होगा.

उसका नाम
ऑर्निथोमिमस था.

ब्रैकियोसॉरस

उसका उच्चारण है-

ब्रैक-ई-ओह-सॉ-रस

वो एक मोटा डायनासोर था.

वो अपने दुश्मनों से भागने के लिए

बहुत मोटा था.

इसलिए वो पानी में ही रहता था.

वहाँ वो सुरक्षित था,

और उसका खाना भी पास में ही था.

वो पौधे खाता था.

उसका नाम ब्रैकियोसॉरस था.

पेंटासेराटॉप्स

उसका उच्चारण है-

पेन-टा-से-रा-टॉप्स

उस डायनासोर के पांच सींग थे.

वे सभी सींग उसके चेहरे पर थे.

उसका नाम पेंटासेराटॉप्स था.

उसका नाम एकदम सही था.

उसका अर्थ था "चेहरे-पर-पांच-सींग."

टायरानोसॉरस

उसका उच्चारण है-

टाई-रैन-उह-सॉ-रस

यह डायनासोर

सबसे बड़ा मांसाहारी डायनासोर था.

उसके बहुत बड़े जबड़े थे.

उसके दांत छह-छह इंच लंबे थे.

वो अन्य डायनासोर खाता था.

उसका नाम टायरानोसॉरस था.

डायनासोर एक लंबे काल तक

हर जगह पाए जाते थे.

फिर वे मर गए और लुप्त हो गए.

किसी को पता नहीं, ऐसा क्यों हुआ.

लेकिन कभी इस दुनिया में उनका ही राज था.

वो डायनासोर काल था.

लेखक का नोट

हम डायनासोर के बारे में बहुत अधिक नहीं जानते हैं. आजतक कभी किसी ने कोई ज़िंदा डायनासोर देखा नहीं है.

लेकिन लोगों को डायनासोर के जीवाश्म मिले हैं, जैसमें पैरों के निशान, हड्डियां और दांत आदि शामिल हैं.

वैज्ञानिक उनका अध्ययन करते हैं, और बता सकते हैं कि वे डायनासोर कितने बड़े थे, वे क्या खाते थे, और उनके रहने आदि के बारे में अन्य जानकारियां दे सकते हैं.

वैज्ञानिक हर साल कुछ अधिक सीखते हैं. लेकिन शायद हम डायनासोर के बारे में सब कुछ कभी भी नहीं जान पाएंगे.